# पहले नौकरियां बिकती थी, अब भजनलाल सरकार में नौकरियां मिलती हैं : राठौड़




**जयपुर।** भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भाजपा ऑफिस में एक साथ मीडिया से बातचीत की। तीनों ने सरकार के एक साल के काम बताए। राठौड़ ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के बयानों पर पलटवार किया। वहीं कांग्रेस के धरने को फ्लॉप शो बताया। कहा- भाजपा ने 50 फीसदी वायदे पूरे कर दिए हैं। पहली बार दस नीतियां लागू की गई। 80 हजार से ज्यादा नौकरियां निकाली गई। राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए। पीकेसी लिंक परियोजना तैयार की।

## मोदी की सभा में तीन लाख आए, कांग्रेस 1000 जुटा पाई

राठौड़ ने कहा अब 3.25 करोड़ लोगों को पीने का पानी मिलेगा, 2.50 लाख हैक्टेयर नए सिंचाई क्षेत्र को पानी मिलेगा। पेट्रोल-डीजल पर 4.50 से 5.50 रुपए तक दामों में वैट कम कर कमी की। गेहूं पर एमएसपी बढ़ाई। डोटासरा केवल झूठे बयान देते हैं। मोदी की सभा में साढ़े तीन लाख लोग आए और उनके प्रदर्शन में सभी बड़े नेता जुटे, लेकिन एक हजार भी लोग इकट्ठे नहीं हुए। कांग्रेस राज में पेपरलीक और परीक्षा घोटाले होते थे। तब नौकरियां बिकती थी लेकिन अब भजनलाल सरकार में नौकरियां बिकती नहीं, बल्कि योग्य युवाओं को मिल रही है।

## इकोनॉमी होगी मजबूत मिलेंगे रोजगार: बैरवा

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राइजिंग समिट को 4 माह में मूर्त रूप देकर 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए जहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, वहीं अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। निवेशकों की सहूलियत को एकल विंडो शुरू किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा की भाजपा में प्रदेश महामंत्री रहते हुए जिस तरह से पार्टी में माइक्रो मैनजमेंट सिस्टम था, वैसा ही सिस्टम सरकार में है। इसके चलते योजनाओं का आम जन को जमीनी स्तर पर फायदा मिला रहा है।

## प्रशासन गांव की ओर थीम पर सुशासन सप्ताह का आज हुआ शुभारंभ

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण में 19 से 24 दिसंबर तक ÷सुशासन सप्ताह÷ मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के तहत 19 दिसंबर से ÷प्रशासन गांव की ओर÷ अभियान शुरू किया गया है, जो 24 दिसंबर तक चलेगा। सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ समय से पात्रों को दिलाना और समस्याओं का निराकरण करना है। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार आज गुरुवार को सेखाला, बिलाड़ा एवं ओसियां पंचायत समिति में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों के माध्यम से जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप ÷प्रशासन गांव की ओर÷ थीम पर सुशासन सप्ताह का आज शुभारंभ किया गया। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आज आयोजित शिविरों में ग्रामीण लोगों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सेखाला में आयोजित शिविर में कुल 7 प्रकरण आए जिसमें से 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जबकि एक प्रकरण लंबित रहा।

# फर्जी डिग्री व अंकतालिकाओं के सरगना की गिरफ्तारी



**जयपुर।** एटीएस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी तरीके से बैक डेट में डिग्रियां और अंकतालिकाएं उपलब्ध कराने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गंगासिंह ईनाणियां के रूप में हुई है, जो 39 वर्षीय सरकारी शिक्षक है और जिला नागौर का निवासी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने जानकारी दी कि आरोपी गंगासिंह ने दलाल सुभाष पूनिया के साथ मिलकर विभिन्न छात्रों को फर्जी डिग्रियां और अंकतालिकाएं उपलब्ध कराई थीं। यह काम विशेषकर बी.एड. और डी.पी.एड. जैसी परीक्षाओं के लिए किया गया। आरोपी छात्रों की फर्जी डिग्रियां बैक डेट में तैयार कराता था और उन्हें वैध दस्तावेज की तरह पेश करवाता था।

पुलिस की शुरुआती जांच में यह सामने आया कि गंगासिंह इस अवैध गतिविधि में लंबे समय से संलिप्त था। उसने कई छात्रों को परीक्षा पास कराए बिना फर्जी दस्तावेज देकर लाभ पहुंचाया। आरोपी वर्तमान में नागौर जिले के राजकीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। फर्जी डिग्री गिरोह के इस सरगना की गिरफ्तारी से शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही अन्य आरोपियों और दलालों की तलाश जारी है। इस मामले में शामिल अन्य संस्थानों और छात्रों की भी जांच की जा रही है।पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आरोपी गंगासिंह से पूछताछ के बाद और भी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की उम्मीद है।

# टटलू गैंग का टटूला गिरफ्तार, नकली सोने की 6 ईंट बरामद

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने टटलू गैंग के मुख्य सरगना इरशाद उर्फ कटूला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की छह ईंट बरामद की हैं। टीम ने वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की है। पूछताछ में आधा दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है। इस गैंग के अन्य ठगों की तलाश जारी है। अब तक गैंग की ओर से लाखों रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार आरोपित इरशाद अली उर्फ कटूला भण्डारा जुरहरा डीग का रहने वाला है। ऐसे की कार्रवाई÷ 18 दिसम्बर 2024 को हुई वारदात के बाद एक टीम का गठन किया। टीम ने टटलू गैंग के सदस्यों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान मुखबिर से टीम को सूचना मिली कि एक लाल रंग की कार में टटलू गैंग का मुख्य सरगना इरशाद उर्फ कटूला नकली सोने की ईंटों को असली बताकर मुहाना मंडी के आस-पास बेचकर ठगी की वारदात करने की फिराक में हैं। इस पर कांस्टेबल राजेश को बोगस ग्राहक बनाकर ठगी का सोना खरीदने के



लिए भेजा गया। योजना के अनुसार दो लाख रुपए में सौदा तय होने पर कांस्टेबल राजेश का इशारा पाकर टीम ने घेरा देकर कार को रोककर इरशाद को पकड़ लिया। 27-28 बार आ चुका है जयपुर÷ टटलू गैंग का सरगना आरोपी इरशाद पिछले एक साल में 27-28 बार जयपुर आकर रुका है। तीन-चार बार में करीब 20 लाख रुपए की ठगी कर चुका है। सोने की ईंट के झांसे में नहीं आए÷ टटलू गैंग के सदस्य लोगों को फोन कर सस्ते दामों पर सोना उपलब्ध करवाने का झांसा देते हैं। वे असली सोने की बजाय नकली सोने की ईंट देकर लाखों रुपयों की ठगी करते हैं। इन लोगों के झांस में नहीं आए और संदिग्ध लगने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

-दिगंत आनंद, पुलिस उपायुक्त दक्षिण

# सोशल मीडिया पर सीएम और जाति विशेष को निशाना बनाने वाला युवक गिरफ्तार




**भरतपुर।** भरतपुर की मथुरा गेट थाना पुलिस ने मुख्यमंत्री और एक जाति विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक अरविंद फौजदार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर आरोप है कि वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट The Society of Warriors @Unityjat के जरिए लगातार सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और एक जाति विशेष के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण पोस्ट कर रहा था। लाखन सिंह, निवासी जघीना (थाना उद्योग नगर), ने आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज करवाई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि अरविंद फौजदार द्वारा चलाई जा रही सोशल मीडिया प्रोफाइल से मुख्यमंत्री और एक जाति विशेष को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की जा रही थीं।

आरोप ÷ आरोपी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसे पोस्ट किया। जाति विशेष के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर अपमानजनक टिप्पणी की। लगातार पोस्ट के जरिए समाज में वैमनस्य और तनाव पैदा करने की कोशिश की।

पुलिस की कार्रवाई ÷ शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की पोस्ट सामाजिक शांति भंग करने और समुदायों के बीच नफरत फैलाने का प्रयास करती हैं।

**राजनीतिक प्रतिक्रिया-** FIR दर्ज करवाने वाले बीजेपी कार्यकर्ता ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट की गहन जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसे अन्य पोस्ट और उनके स्रोत क्या हैं।

संदेश ÷ पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी से व्यवहार करें और किसी भी प्रकार की भड़काऊ या अपमानजनक पोस्ट से बचें। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की विफलताएं पहले ही साल में रुकने का नाम नहीं ले रहीं : जूली-डोटासरा



**जयपुर।** भजनलाल सरकार के एक साल के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पीसीसी मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। डोटासरा ने सीएम भजनलाल शर्मा को चुनौती भी दी कि वे जयपुर में अल्बर्ट हॉल पर सरकारी विफलताओं पर खुले में डिबेट कर लें तो हम दूध का दूध और पानी का पानी कर देंगे। डोटासरा और जूली ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए एक शॉर्ट वीडियो फिल्म भी दिखाई तथा पोस्टर का विमोचन भी किया।

भाजपा के कई नेता खनन कारोबारी हो गए÷ डोटासरा

पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के नाम पर जनता के साथ छलावा किया। राइजिंग राजस्थान में जमीन लेने के लिए भाजपा के कई नेताओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिए। भाजपा के कई विधायक और नेता बजरी और खनन माफिया बन गए हैं। मोदी और भाजपा-आरएसएस के नेताओं ने विधानसभा चुनाव में बड़े बड़े वादे कर सत्ता हासिल की। पर्ची से बने सीएम की प्रशासनिक पकड़ नहीं होने और सरकार चलाने की अनुभवहीनता की गहरी चोट शासन प्रशासन पर लगी है। सारे काम दिल्ली से आई पर्ची से हो रहे हैं। सरकार बनने के बाद हमारे समय की 800 कार्यों की समीक्षा शुरू की, परिणाम कुछ भी नहीं निकला।

जनता से किए वादों की हकीकत बताए सरकार

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि सरकार ने एक साल में जनता से जो वादे किए, उनकी हकीकत क्या है? सौ दिन की कार्ययोजना का क्या हुआ? समीक्षा के नाम पर बनी कमेटियों की आज तक रिपोर्ट नहीं आई। सरकार कई मौकों पर अपनी क्षमता नहीं दिखा पाई। प्रदेश में बिजली-पानी संकट के समय लोगों को राहत देने की जगह कांग्रेस को कोसते रहे। बारिश से लोग परेशान थे और आपदा मंत्री नहीं गए तो सीएम खुद दौरों पर निकले। प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ कि टेंडर जारी होने और मंजूरी वाले कार्यों को रोक दिया। विधायक रोहित बोहरा ने राइजिंग राजस्थान समिट को नाकाम करार दिया।

# कांग्रेस ने 70 साल तक किया देश की जनता को गुमराह

**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश कांग्रेस की ओर से जयपुर में आयोजित धरने पर करारा जवाब दिया है। जोगाराम पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता के हितों के खिलाफ काम करती आई है, और आरोप भाजपा पर लगा रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि 70 साल में कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को गुमराह किया है। सामाजिक उत्थान के नाम पर उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ और उनके अधिकारों का हनन किया है। पटेल ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी देशहित में बड़े फैसले ले रहे हैं तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस की नीतियां सदैव जनविरोधी रही हैं। राजस्थान में पीएम मोदी के विजन को आगे बढाते हुए भजनलाल सरकार प्रदेश को नई दिशा देना चाहती है, तो विपक्ष अनावश्यक धरने-



प्रदर्शन कर रहा है। पटेल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का कार्यकाल भ्रष्टाचार और अपराधों का गढ़ रहा। अपने ही नेताओं के फोन टैपिंग, पेपर लीक, सरकारी अधिकारियो के बडे घूसकांड जैसी घटनाएं इस बात के गवाह हैं।

पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्थान को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला और पेपर लीक, महिला अपराध व मनी लॉन्ड्रिग जैसे घोटाले उनकी विफलता का उदाहरण हैं। जोगाराम पटेल ने हाल ही में जयपुर में आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान समिट का जिक्र करते हुए कहा कि इस समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए हैं, जो राज्य में रोजगार के लाखों अवसर पैदा करेंगे और प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यह नूतन प्रयास किया है, जिसके तहत निवेश की नीतियों में बदलाव कर उन्हें निवेशकों के लिए आसान बनाया है। कांग्रेस सरकार को यह बात हजम नहीं हो रही है कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था को प्रदेश की भजनलाल सरकार मजबूत कर रही है। कांग्रेस के पास छींटाकशी के अलावा कुछ बचा नहीं है।

कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर कर रही राजनीति

जोगाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस का धरना राजनीतिक विरोध का ढोंग साबित हुआ। भाजपा विकास और जनता के कल्याण के लिए काम कर रही है, जबकि कांग्रेस केवल झूठे आरोप लगाकर राजनीति कर रही है। धरना स्थल पर कांग्रेस के नेताओं की आपस में छींटाकशी तथा जूते, सैंडल और देशी शराब की बातें करना उनकी मानसिकता की पोल खोल रहा है।

भाजपा ने एससी, एसटी एवं ओबीसी को सशक्त बनाया

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भाजपा हमेशा एससी, एसटी एवं ओबीसी समुदाय के अधिकारों और कल्याण के लिए काम करती रही है। कांग्रेस के शासन में एससी, एसटी एवं ओबीसी समुदायों का शोषण हुआ, जबकि भाजपा ने उन्हें सशक्त बनाया। दिलावर ने कहा कि कांग्रेस का डॉ. अंबेडकर और वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के लिए ठोस कार्य करने का कोई इतिहास नहीं है। भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए अभूतपूर्व काम किया है।

# भोपाल में पकड़ी गई करोड़ों की एमडी ड्रग में वांछित आरोपी शोएब के पिता व भाई सहित तीन गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की थाना प्रतापगढ़ व अरनोद सहित 6 थानों की पुलिस एवं क्यूआरटी टीम द्वारा गुरुवार अल सुबह ड्रग तस्करी के गढ़ देवल्दी गांव में दबिश देकर ड्रग्स का कारोबार करने वाले एवं इनसे जुड़े वांछित अपराधियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया। जिसमें ड्रग तस्करी गिरोह के तीन सरगनाओ को गिरफ्तार कर मौके से संदिग्ध चार चौपहिया व छः मोटरसाइकिल बरामद की है।

एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ, अरनोद सहित जिले की अन्य थानों व क्यूआरटी की एक संगठित टीम बनाकर गांव देवल्दी में दबिश देकर तलाशी में संदिग्ध मिले एक र्स्कोपियों, दो अल्टो कार, एक आई-20 कार व 06 मोटरसाईकिल सहित कुल 10 वाहन जप्त किये गये। इस कार्रवाई में वकील खान पठान पुत्र शेरअली खान (61), उसके बेटे समीर खान पठान (23) व एक अन्य फरीद खान पठान (23) निवासी देवल्दी थाना अरनोद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

एसपी बंसल ने बताया कि 6 मार्च को थाना प्रतापगढ़ पुलिस की टीम ने




अरनोद रोड पर नाकाबंदी में बाइक सवार आरोपी नारायण लाल भोई व प्रदीप मेघवाल निवासी थाना भदेसर चित्तौड़गढ़ को 345 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित गिरफ्तार किया था। इन दोनों को ड्रग देने वाले फरार आरोपी सलमान खा पठान निवासी देवल्दी को पुलिस ने कुछ समय पश्चात गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद ड्रग्स रैकेट में शामिल कुछ बड़े नामों वकील खान एवं उसके बेटे शोएब व समीर खान सहित फरीद खान का खुलासा किया था। शोएब के अतिरिक्त बाकी तीनों को अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

शोयब खान का भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री मामले में काफी नाम आया था। इसी क्रम में 16 दिसम्बर को पुलिस ने देवल्दी गांव में 40 करोड की कीमत की एमडी ड्रग्स एवं केमिकल्स जब्त किये थे।

एसपी बंसल ने बताया कि इसी के मध्यनजर एमडी ड्रग्स के अवैध धंधे से जुडे लोगों की धरपकड़ के लिए उनके निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार वृताधिकारी अरनोद चन्द्रशेखर पालीवाल एवं वृताधिकारी प्रतापगढ गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में भारी मात्रा में पुलिस बल द्वारा तलाशी अभियान चला उक्त तीनों आरोपियों को गिरफतार किया गया। गिरफतार आरोपी वकील खान स्वयं को पत्रकारिता एवं मानवाधिकार समिति का सदस्य बताते हुए उसी की आड़ में अपने दोनों बेटों शोयब व समीर के साथ मिलकर ड्रग्स का यह कारोबार चला रहा था। अनुसंधान जारी है, इनसे पुछताछ में ड्रग्स कारोबार से जुडे अन्य तथ्यों का भी खुलासा किया जाएगा।

इस कार्रवाई में एसएचओ प्रतापगढ़ दीपक बंजारा, एसएचओ अरनोद हजारी लाल, एसएचओ हथुनिया इंद्रजीत सिंह, एसएचओ धमोत्तर नरेंद्र सिंह भाटी, एसएचओ रठांजना दीपक कुमार, एसएचओ धोलापानी रविंद्र कुमार और उनकी टीम के साथ प्रतापगढ़ जिले की क्यूआरटी भी शामिल थी।

## 85.43 करोड़ रुपये की साइबर ठगी में नासिक से आरोपी गिरफ्तार




**अलवर।** अलवर जिले के रहने वाले एक दंपति से 85.43 करोड रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में जिले की साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जैद मोहम्मद खान पुत्र कयूम मोहम्मद (21) निवासी थाना मुंबई नाका जिला नासिक महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी फेसबुक पेज पर फर्जी विज्ञापन देकर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा देने का लालच दे आनलाईन धोखाधडी किया करता था।

एसपी संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी भूनेश कुमार सैनी द्वारा साईबर थाना अलवर पर प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया था कि जून 2024 मे फेसबुक पेज पर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग के नाम पर रुपये लगा कर अच्छा प्रोफिट देने का विज्ञापन देकर फर्जी एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर परिवादी व उसकी पत्नि से 85.43 करोड़ रुपये साइबर ठगों ने अलग अगल खातों में ट्रान्सफर करवा कर धोखाधडी की है। प्रकरण की घटना को गंभीरता को देखते हुए एसपी नैन द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह व डीएसपी यातायात मुकेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं एसएचओ साइबर थाना पुलिस निरीक्षक श्रीराम मीना की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मामले मे पीड़ित परिवादी व उसकी पत्नि के खातों से करीब 66 लाख रुपये की रकम संदिग्ध बैंक खाते मे प्राप्त होना पाया। इस पर आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी जैद कयूम खान को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की जाकर करीब 2 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त किया जाना पाया गया है। जिसके सम्बन्ध में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी से इस घटना के अलावा अन्य वारदात खुलने की सम्भावना है। इस कार्रवाई में साइबर थाना से एसएचओ श्रीराम मीना, एसआई सागर मीना, कांस्टेबल खुशीराम, डीएसटी से कांस्टेबल देवकीनन्दन व साइबर सेल से कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।